भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1495

31 जुलाई, 2024 के लिए प्रश्न

चीनी मिलों का पुनरुद्धार

1495. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान चीनी विकास निधि के अंतर्गत विजयनगरम जिले के बोब्बिली और भीमसिंगी में चीनी मिलों के पुनरुद्धार के लिए आवंटित और वितरित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ख) इस प्रकार का आवंटन ना करने के क्या कारण हैं और यदि कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है तो उनके पुनरुद्धार के लिए क्या वैकल्पिक योजना है;
(ग) बोब्बिली और भीमसिंगी में चीनी मिलों की वर्तमान परिचालन स्थिति क्या है, जिसमें उनकी उत्पादन क्षमता और दक्षता मीट्रिक शामिल हैं;
(घ) चीनी विकास निधि के अंतर्गत इन चीनी मिलों के पुनरुद्धार या आधुनिकीकरण के लिए प्रस्तुत लंबित प्रस्तावों, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है, जिसमें उसपर विचार के लिए समय-सीमा भी शामिल है; और
(ड.) क्या पुनरुद्धार प्रक्रिया में विशेष रूप से बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी उन्नयन या वित्तीय बाधाओं से संबंधित कोई चुनौतियां आई हैं/आ रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान चीनी विकास निधि (एसडीएफ) के तहत विजयनगरम जिले के बोब्बिली और भीमसिंगी में चीनी मिलों के पुनरुद्धार के लिए कोई निधियां आबंटित और संवितरित नहीं की गई है। एसडीएफ के तहत नए ऋण देने की योजना दिनांक 21.09.2021 से बंद कर दी गई है।

(ख): चूंकि पिछले पांच वर्षों के दौरान, एसडीएफ ऋण के लिए इन जिलों से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, इसलिए जिले की मिलों को निधियों का आबंटन नहीं किया गया था।

(ग): उत्पादन क्षमता और कार्य कुशलता मेट्रिक्स सहित बोब्बिली और भीमसिंगी में चीनी कारखानों की वर्तमान में प्रचालनात्मक स्थिति निम्नानुसार है:

(i): बोब्बिली, विजयनगरम जिला, आंध्र प्रदेश राज्य:- निजी चीनी कारखाना नामतः मैसर्स एनसीएस शुगर्स लिमिटेड, आंध्र प्रदेश राज्य के विजयनगरम जिले के बोब्बिली क्षेत्र में लटछय्यापेटा में स्थित है। इस चीनी कारखाने की पेराई (क्रशिंग) क्षमता 5000 टीसीडी है। पर्याप्त गन्ने की अनुपलब्धता और अन्य वित्तीय समस्याओं के कारण पेराई (क्रशिंग) मौसम वर्ष 2021-22 से यह चीनी कारखाना कार्य नहीं कर रहा है।

(ii): भीमसिंगी, विजयनगरम जिला, आंध्र प्रदेश राज्य: मैसर्स श्री विजयराम गजपति सहकारी शुगर्स लिमिटेड नामक सहकारी चीनी कारखाना आंध्र प्रदेश राज्य के विजयनगरम जिले के भीमसिंगी में स्थित है। इस चीनी कारखाना की पेराई (क्रशिंग) क्षमता 1250 टीसीडी है। यह सहकारी चीनी कारखाना पेराई (क्रशिंग) मौसम वर्ष 2020-21 से पर्याप्त गन्ने की अनुपलब्धता और अन्य वित्तीय समस्याओं के कारण कार्य नहीं कर रहा है।

(घ): चीनी विकास निधि के तहत इन चीनी कारखानों के पुनरुद्धार या आधुनिकीकरण के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(ङ): उपरोक्त (घ) के मद्देनजर, प्रश्न नहीं उठता।

*****